gations during 1963-64 at the end of which only the potentialities of the area will be known.

Extraction of Coal in Jammu and Kashmir

1233. **Shri Abdul Ghani Goni:**
Shri Gopal Datt Mengi:

Will the Minister of **Mines and Fuel** be pleased to state:

(a) the quantity of coal so far extracted from Kala kot and Jungle Gali areas in Jammu and Kashmir; and

(b) the quantity sent outside the State to the adjoining areas?

The Minister of Mines and Fuel (Shri K. D. Malaviya): (a) The quantity of coal so far extracted by J. & K. Minerals from Kalakot and Junglegali areas is as follows:

1.7.1961 to 31.12.1962.

(i) Kalagot	45,817 tons.
(ii) Junglegali	2,891 tons

(b) 5192 tons of coal was despatched to outside States during the above period.

स्कूलों में गृह-परिचर्या पाठ्यक्रम

१२३४. **श्री बैरवा कोटा :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार दिल्ली के स्कूलों के प्राथमिक चिकित्सा और गृह-परिचर्या को शिक्षा दे रही है ;

(ख) यदि हां, तो ऐसे कितने बालक-बालिकायें हैं, जो यह शिक्षा पा रहे हैं ;

(ग) क्या यह शिक्षा अन्य राज्यों में भी दी जायेगी ; और

(घ) किस श्रेणी तक के बच्चों को ?

शिक्षा मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली):

(क) जी हां । सरकारी और सरकार से सहायता प्राप्त स्कूलों में ।

(ख) ३२२६ बालक और बालिकाओं को यह शिक्षा दी जा चुकी है। वार्षिक परीक्षाओं के कारण यह शिक्षा कुछ समय के लिए स्थगित कर दी गई है ।

(ग) और (घ) : राज्य सरकारों से आवश्यक सूचना प्राप्त करके सभापटल पर रख दी जायेगी ।

विश्व विद्यालय शिक्षा में हिन्दी माध्यम

१२३५. **श्री कछवाय :**
श्री सिद्धेश्वर साव :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ऐसे कितने विश्वविद्यालय हैं, जिन्हों ने हिन्दी को शिक्षा के माध्यम के रूप में अपना लिया है और उनके नाम क्या हैं ?

शिक्षा मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली):

निम्नलिखित १३ विश्वविद्यालयों ने भिन्न-भिन्न पाठ्यक्रमों के लिये हिन्दी को शिक्षा के माध्यम के रूप में अपना लिया है :

१. बनारस
२. भागलपुर
३. बिहार
४. इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय
५. जबलपुर
६. जोधपुर
७. लखनऊ
८. मगध
९. पटना
१०. रांची
११. सरदार वल्लभ भाई विद्यापीठ
१२. सागर
१३. विक्रम